महत्वपूर्ण एवं खास

एक्टीवा सवार युवकों को कार ने मारी ठोकर,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर के उरला थाना क्षेत्र अंतर्गत पठारीडीह में रॉग साइड से आ रही तेज रफ्तार कार ने एक्टीवा सवार दो युवकों को ठोकर मार दिया। जिससे दोनों युवक घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कारा उरला निवासी शंकर निषाद 52 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रार्थी का लड़का पोषण निषाद अपने दोस्त संजू निषाद के साथ रिस्तेदार से मिलने एक्टीवा से रायपुर गए थे। 27 दिसंबर को रात 2.30 बजे दोनों वापस एक्टीवा से आ रहे थे तभी बिपरित दिशा से आ रही तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने ठोकर मार दिया। जिससे दोनों युवक घायल हो गए तथा बाइक छतिग्रस्त हो गई है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ धारा 279,337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

कोरोना से अधेड़ की मौत

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा ईएसआईसी अस्पताल के एक 48 वर्षीय व्यक्ति की कोरोना से मौत हो जाने के बाद यहां का स्वास्थ विभाग चौकन्न हो गया है। इसी के साथ ही जिला प्रशासन भी चौकस हो गया है। स्वास्थ विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने मातहतों को अलर्ट करते हुए व्यापक पैमाने पर सतर्कता के साथ एहतियात बरते जाने का निर्देश दे दिया है। ईएसआईसी अस्पताल में कोरोना प्रभावित एक ग्रामीण व्यक्ति की मौत हो जाने के बाद उसकी पुष्टी होते ही उसके शव को अस्पताल कर्मियों ने पीपीई कीट पहनकर मुक्तांजलि वाहन से उसके गृहग्राम भिजवाया। इसके साथ ही कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन एवं कर्मी भी पूरी तरह से सतर्कता बरतने लगे है।

गांजा तस्करी करते तीन तस्कार गिरफ्तार, 2.50 लाख का माल जब्त

रायपुर (आरएनएस)। ओडिशा से 17 किलो गांजा लेकर बाइक से आ रहे तीन तस्करों को पुलिस ने 28 दिसंबर की सुबह गिरफ्तार किया है। आरंग थाना में मुखबिर की सूचना पर पुलिस सड़क पर वाहनो की तलाशी शुरू की थी। उसी समय बाइक सवार तीन लोगों को रोका। रुकने के बाद बाइक पर बोरे में भरा 17 किलो गांजा पुलिस ने बरामद किया। बरामद गांजे की कीमत करीब 2.50 लाख रुपये है।पकड़े गए आरोपित महासमुंद जिले के तेंदूकोना निवासी भुवनेश्वर देवांगन, महासमुंद के बागबहारा थाना क्षेत्र के फिरंगी गांव निवासी सुरेश यादव और गरियाबंद जिले के छुरा थाना क्षेत्र के खैरझिठी निवासी यशवंत बघेल ने पूछताछ में बताया कि रायपुर में किसी को गांजा देने के लिए जा रहे थे। पूछताछ में पकड़े गए तीनों आरोपितों के जानकारी देने के बाद पुलिस टीम रायपुर में गांजा विक्रेता की तलाश कर रही है। पुलिस ने गांजा के साथ आरोपितों की मोटरसाइकिल कब्जे में लेकर तीनों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

फैशन स्टोर ट्रेंड्स अब चांपा में

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। भारत की सबसे बड़ी और तेज़ी से बढ़ती एपेरल और एक्सेसरीज़ की रिलायंस रिटेल की स्पेशलिटी चेन, ट्रेंड्स ने छत्तीसगढ़ राज्य के जांजगीर-चांपा जिले के चांपा शहर में अपना स्टोर का विस्तार किया है। ट्रेंड्स ने भारत में मेट्रो, मिनी मेट्रो, टियर 1, 2 शहरों और छोटे-छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क को मजबूत कर फैशन को घर-घर पहुंचाया है और यह भारत की मनपसंद फ़ैशन की जगह है। चांपावासियों को खरीददारी का नया अनुभव अब ट्रेंड्स स्टोर में मिल पायेगा जहां वे महिलाओं, पुरुषों, बच्चों के कपड़े व फैशन का सामान आकर्षक कीमतों पर पाएंगे। इस स्टोर को आधुनिक शैली से बनाया गया है और इसका माहौल भी शानदार है। यहां आपको बढ़िया क्वालिटी और फैशन का सामान किफ़ायती दामों पर मिलेगा और ये खासियत इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बहुत पसंद आएगी।

जशपुर में चाय और बस्तर में कॉफी की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा

» कृषि मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित टी-कॉफी बोर्ड की बैठक में लिया गया निर्णय

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर इलाके में चाय तथा बस्तर अंचल में कॉफी की खेती को बढ़ावा दिए जाने के लिए सर्वेक्षण एवं प्रोजेक्ट तैयार किए जाएंगे। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे की अध्यक्षता में आज यहां बीज भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ टी-कॉफी बोर्ड की प्रथम बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ टी-कॉफी बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, विशेष सचिव कृषि डॉ. एस. भारतीदासन, संचालक उद्यानिकी माथेश्वरन व्ही., सीसीएफ बी.पी. सिंह, प्रबंध संचालक सीएसआईडीसी पी. अरूण प्रसाद, अपर संचालक कृषि एस.सी. पदम उपस्थित थे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि राज्य के जशपुर जिले में चाय तथा बस्तर अंचल में कॉफी की खेती की प्रारंभिक चरण के उत्साहजनक परिणाम को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के उत्तरी हिस्से में चाय और दक्षिण भाग में कॉफी की खेती को बढ़ावा देने, इससे किसानों को जोड़ने और उन्हें लाभान्वित करने, प्रसंस्करण एवं अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ टी-कॉफी बोर्ड का गठन किया है। उन्होंने जशपुर अंचल में चाय की खेती तथा बस्तर अंचल में कॉफी की खेती को विस्तार देने के लिए तमाम तरह की संभावनाओं का अध्ययन-सर्वेक्षण करने और इसके लिए तेजी से प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंत्री चौबे ने नारायणपुर, सुकमा, पखांजूर इलाके में भी कॉफी की खेती के लिए सर्वेक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चाय और कॉफी की खेती करने वाले किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना सहित विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किए जाने, मार्केटिंग एवं कंपनियों से अनुबंध किए जाने के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ टी-कॉफी बोर्ड की गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए उद्योग भवन के प्रथम तल में कार्यालय स्थापित किए जाने तथा आवश्यक अधोसंरचना एवं कार्यालयीन सेटअप का प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के भी निर्देश दिए गए। छत्तीसगढ़ टी-कॉफी बोर्ड के लिए नियमावली तैयार करने के संबंध में भी बैठक में चर्चा की गई।

यहां यह उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले में 27 हेक्टेयर में चार की खेती सफलतापूर्वक की जा रही है। जशपुर अंचल की जलवायु एवं भौगोलिक स्थिति चाय की खेती के लिए अनुकूल है। यहां कॉफी उत्पादन की भी संभावना को देखते हुए इसके लिए भी सर्वेक्षण एवं परियोजना तैयार किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग द्वारा जशपुर जिले में 100 हेक्टेयर रकबे में चाय की खेती की शुरूआत की गई है। इसी तरह बस्तर अंचल में वर्तमान में उद्यानिकी विभाग की देख-रेख में 34 हेक्टेयर में कॉफी की खेती की जा रही है। इससे उत्पादन भी प्राप्त होने लगा है। संचालक उद्यानिकी माथेश्वरन व्ही. ने बताया कि दरभा में 8 हेक्टेयर में, बकावन में 2 हेक्टेयर में तथा दरभा ब्लॉक के डिलमिली में 24 हेक्टेयर में कॉफी की खेती उद्यानिकी विभाग की देख-रेख में की जा रही है। उन्होंने बताया कि बस्तर के तोकापाल, लोहाण्डीगुड़ा, बास्तानार, बकावण्ड एवं दरभा ब्लॉक के 54 गांवों में 5108 हेक्टेयर में कॉफी की खेती के लिए कृषकों का चयन कर प्रस्ताव तैयार किया गया है। यहां कॉफी रोपण के लिए पौधे भी तैयार कर लिए गए हैं।

शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

धमतरी (आरएनएस)। नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर घर से भगाकर ले जाने वाला आरोपी को कुरूद पुलिस ने किया गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक थाना कुरूद क्षेत्रांतर्गत निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर कोई अज्ञात व्यक्ति 10 नवंबर अपहरण कर ले गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पतासाजी एवं मुखबिर सुचना के माध्यम से अपहृता एवं अज्ञात आरोपी का पता चलने पर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी कुरूद द्वारा टीम बनाकर पतासाजी के लिए रवाना किया गया। उक्त टीम ने पतासाजी करते हुए आरोपी के घर तक पहुंची और घेराबंदी कर अपहृत नाबालिग बालिका को आरोपी वास्तव कुमार साहू पिता सुध राम साहू उम्र 22 वर्ष निवासी पिपरछेड़ी (गागरा) के कब्जे से बरामद कर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर वापस थाना कुरूद आये । पीड़िता पूछताछ में अपने कथन पर बताया गया कि आरोपी द्वारा शादी करने का प्रलोभन देकर जबरदस्ती भगाकर ले आया और मना करने के बाद भी शारिरिक शोषण किया । पीड़िता के कथन एवं चिकित्सक की परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में एवं आरोपी के विरुद्ध धारा 366, 376,भा.द.वि. एवं 06 पॉक्सो एक्ट जोड़ते हुए वैधानिक कार्यवाही की गई।

कई स्थानों पर हुई हल्की से मध्यम बारिश तो कुछ स्थानों पर जमकर बरसे ओले

» आज भी कई स्थानों पर बारिश व ओले गिरने की संभावना

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मंगलवार को मौसम का मिजाज बदला। कई स्थानों पर जहां हल्की से मध्यम एवं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ी, वहीं कुछ स्थानों पर जमकर ओले भी गिरे।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। एक द्रोणिका दक्षिण-पश्चिम राजस्थान से उत्तर तेलंगाना तक विदर्भ होते हुए 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर प्रदेश के मध्य भाग में 1.5 किलोमीटर तक स्थित है। इसके प्रभाव से आज प्रदेश के बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर संभाग के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश एवं कहीं-कहीं पर तेज हवा व गरज-चमक के साथ बौछारें भी पड़ी। कवर्धा जिले के ग्राम परसवारा सहित कुछ अन्य स्थानों पर, सरगुजा संभाग में प्रतापपुर, जांजगीर जिले के कुछ स्थानों पर जमकर ओले गिरे है। कोरिया में तेज हवाओं के साथ तेज बारिश हुई है।

मौसम वैज्ञानिक बताया कि प्रदेश में 29 दिसंबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। साथ ही कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ ओले गिरने की भी संभावना है। इसके अलावा जिन स्थानों पर बारिश और ओले गिरे है उन स्थानों पर एवं उससे लगे हुए स्थानों पर मध्यम से घना कोहरा प्रातः काल में बने रहने संभावना है। प्रदेश में कल अधिकतम तापमान में गिरावट होगी जबकि न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

राजधानी रायपुर में भी रात करीब 8.15 बजे से तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ हल्की बारिश हुई। तेज हवाओं एवं बारिश के कारण कई इलाकों में कई घंटे विद्युत व्यवस्था प्रभावित रही।

जैविक तरीके से खेती कर लाभ कमा रहे किसान

कोरबा (आरएनएस)। शासकीय योजनाओं और विभागीय मदद से जिले के किसान उन्नात खेती करने के लिए प्रोत्सहित हो रहे हैं। शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर विकासखंड कटघोरा के ग्राम डोंगरी के किसान बुधवार सिंह आर्थिक उन्नाति की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विभागीय योजना से प्रोत्सहित किसान बुधवार सिंह सामान्य खेती को छोड़कर जैविक खेती करके लाभ कमा रहे हैं। बुधवार सिंह जैविक तरीके से खेती कर सब्जी बेचकर ही एक लाख 20 हजार रूपये से अधिक का लाभ कमा चुके हैं।

विभागीय योजना से उन्हें सोलर पंप और स्प्रिंकलर सेट प्रदान किया गया है। सरकार से सिंचाई के साधन और जरूरी मार्गदर्शन मिलने से बुधवार सिंह अपने

खेतों में सुगंधित धान, देशी धान चीनीशक्कर, गुरमटिया आदि का फसल ले रहे हैं। किसान द्वारा घर में ही उपलब्ध कंपोस्ट खाद और गांव के ही गोठान से वर्मी खाद प्राप्त कर जैविक खेती किया जा रहा है। किसान बुधवार सिंह रबी सीजन में चना, मसूर, सब्जी, उड़द आदि का भी उत्पादन कर रहे हैं। 66 वर्ष की आयु में किसान बुधवार सिंह नवीन पद्धति से खेती कर सभी के लिए प्रेरणा स्रोत का काम कर रहे हैं। किसान बुधवार सिंह ने बताया कि ग्राम डोंगरी में वह लगभग चार एकड़ जमीन में खेती कर रहे हैं। जिसमें से एक एकड़ खेत में उन्होंने चीनी.शक्कर किस्म का धान लगाया है। यह धान बहुत ही उन्नात किस्म और महंगे दामों में बिक्री के लिए जाना जाता है। जैविक तरीके से खेती करने से ज्यादा उत्पादन भी होता है। उन्होंने बताया कि चीनी-शक्कर किस्म के धान की मांग चार से पांच हजार रूपये प्रति क्विंटल बाजार में है। बुधवार बताते हैं कि बाकी बची जमीन पर उन्होंने एचएमटी, गुरमटिया धान, गेहूं का फसल लगाया है। इन फसलों से भी अच्छी आमदनी की उम्मीद है। किसान ने बताया कि अपनी आमदनी को बढ़ाने के लिए जमीन के एक हिस्से में सब्जी उत्पादन भी कर रहे हैं। इस वर्ष उन्होंने अपने खेत में टमाटर, आलू, प्याज, पत्ता गोभी आदि सब्जी लगाई है। उन्होंने बताया कि सब्जी बेचने से भी अच्छी आमदनी हो रही है। किसान बुधवार सभी किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेते हुए अपनी जमीनों में उन्नात खेती करके लाभ कमाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर अंनियंत्रित होकर खेत में पलटी, 1 की मौत, 3 घायल

सरगुजा (आरएनएस)। सरगुजा जिले के सीतापुर में धान खाली करके वापस आ रही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। इससे ट्रैक्टर में बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई व 3 लोग घायल हो गए जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर चालक रामकुमार धान खरीदी केंद्र केरजु से धान खाली कर ट्रैक्टर में अपने साथी मुन्नाराम लालबहादुर विपिन एवं किशपाल संग वापस आ रहा था। इसी दौरान चालक रामकुमार का ट्रैक्टर से नियंत्रण खो गया और ट्रैक्टर खेत मे जा पलटी। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण घायलों को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढोंढागांव पहुँचे। जहां उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल मुन्नाराम की मौत हो गई वही अन्य तीन घायलों का उपचार जारी है। इस मामले में पुलिस ने चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज करते हुये जांच पड़ताल कर रही है।

पिकअप वाहन में कोयला तस्करी करते एक गिरफ्तार, 20 क्विंटल कोयला जब्त

कोरबा (आरएनएस)। अवैध रुप से पिकअप वाहन में कोयला ले जाने की सूचना पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर 20 क्विंटल कोयला व पिकअप वाहन जब्त की है।

मिली जानकारी के मुताबिक चौकी मानिकपुर से स्टाफ शासकीय वाहन से टाउन भ्रमण एवं पेट्रोलिंग पर रवाना हुए थे, दौरान पेट्रोलिंग के मानिकपुर के पास मुखबीर से सूचना मिली कि एक पिकअप क्रमांक सीजी 12 बीबी 8963 में अवैध रुप से कोयला लेकर ढेलवाडीह की ओर जा रही है कि तत्काल पेट्रोलिंग स्टॉफ गवाहों के साथ मौके पर जाकर रेड किये। पिकअप वाहन कमांक सीजी 12 बीबी 8963 ढेलवाडीह रोड तालाब के आगे जाते हुए मिली जिसे

रोककर पूछताछ कर वाहन का जायजा लिये तो पिकअप वाहन के अंदर लगभग 20 क्विंटल कोयला पीले रंग के तिरपाल से ढका हुआ मिला। जिससे पिकअप वाहन के चालक विधि से संघर्षरत बालक को उक्त कोयले के संबंध में वैध कागजात पेश करने के लिए नोटिस तामील करने पर कोई कागजात पेश नहीं किया जिससे पिकअप वाहन में लोड कोयला चोरी का होने के संदेह पर तत्काल पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू को हालात से अवगत कराने पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल विधिवत कार्यवाही हेतु निर्देशित करने पर थाना प्रभारी कोतवाली रामेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी मानिकपुर मयंक मिश्रा के नेतृत्व में विधिवत वाहन चालक के विरुद्ध इस्त. क्र 38/2021 धारा 41(1-41) जापै, 379 भादवि कायम कर कार्यवाही किया गया। प्रकरण में प्रयुक्त वाहन के स्वामी के संबंध में आर टी ओ से जानकारी प्राप्त की जा रही है। उक्त कार्यवाही में मार्गदर्शन में उप निरीक्षक मयंक मिश्रा प्रभारी पु0के0 मानिकपुर के नेतृत्व में सउनि बलीराम निराला, आर. जयप्रकाश यादव, हेराम चौहान, ओमप्रकाश बैस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिले छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक उन्नाव अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं व्यवहारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मुख्यमंत्री गोडमर्रा में किसान सम्मेलन में शामिल हुए

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि पुरखों के सपनों के अनुरूप छत्तीसगढ़ में किसानों, गरीबों और श्रमिकों के श्रम को सम्मान दिलाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के पुरखों के सपने को पूरा करने विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल में ''किसानों को दाम, युवाओं को काम, महिलाओं को सम्मान, संस्कृति को पहचान, आदिवासियों का उत्थान, श्रमिकों और ग्रामीणों का कल्याण'' का पूरा ख्याल रखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री बघेल आज बालोद जिले के विकासखण्ड डौण्डीलोहारा के ग्राम गोडमर्रा में आयोजित विशाल किसान सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर वहां देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने इस मौके पर गोडमर्रा-सुरेगांव तक 3.50 किलोमीटर सड़क निर्माण, गोडमर्रा पाट का सौंदर्यीकरण, खरखरा जलाशय का नामकरण भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी जी के नाम पर तथा खरखरा-मोहदी पाट परियोजना का

नामकरण दाऊ प्यारेलाल बेलचंदन के नाम कर करने की घोषणा की।

कार्यक्रम में संसदीय सचिव व गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद की विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरे, जनपद पंचायत के अध्यक्ष जागृत सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में सिर्फ आजादी की लड़ाई नहीं लड़ी गई, बल्कि उन्होंने श्रम को सम्मान दिलाने का काम किया। महात्मा गांधी ने छोटा नागपुर में नील की खेती करने वाले मजदूरों को अधिकार दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी। पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में प्रतापगढ़ में आंदोलन हुआ। दूसरी ओर बुनकर के यंत्र चरखे को महात्मा गांधी ने देश की लड़ाई का प्रतीक चिन्ह बनाया। देश की आधी आबादी लेकिन चारदीवारी के भीतर बंद रहने वाली महिलाओं को शिक्षा, संपत्ति का अधिकार दिलाने का काम किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने देश की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान देने वाले महापुरुषों को याद किया। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास जी, संत कबीर जी, रामकृष्ण परमहंस पंडित सुंदरलाल शर्मा, डॉ. खूबचंद बघेल को नमन करते हुए कहा कि हमें छत्तीसगढ़ में गरीबी, भुखमरी, असमानता को दूर कर समृद्ध, मजबूत, शिक्षित तथा शांति और भाईचारे का छत्तीसगढ़ बनाना है।